# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
# नई दिल्ली

**सं.आईसीएमआर/भर्ती/वै-सी/03/2025**-आरपी सेल
**दिनांक: 11 फरवरी, 2026**

## परिशिष्ट

### वैज्ञानिक-सी के पद के लिए भर्ती सूचना

परिषद मुख्यालय की वेबसाइट पर वैज्ञानिक-सी पद को नियमित आधार पर भरे जाने हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या आईसीएमआर/भर्ती/वै-सी/03/2025-आरपी सेल के संदर्भ में ।

2. यह देखा गया है कि उपर्युक्त विज्ञापन में गलती से **अल्पसूचीबध्दता के मानदंडों** का उल्लेख नहीं किया गया था। तदनुसार निम्नलिखित उपबंध को उक्त विज्ञापन का अभिन्न अंग माना जाए।

**अल्पसूचीबध्दता मानदंड:**

(i) प्रथम चरण में, आयु, शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव (जहाँ आवश्यक हो) से संबंधित न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे सभी अभ्यर्थी अल्पसूचीबध्द किए जाएंगे।

(ii) यदि ऐसे अल्पसूचीबध्द किए गए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक हो जाती है और सभी को साक्षात्कार हेतु बुलाना संभव नहीं हो पाता है, तो आईसीएमआर के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित उपयुक्त अल्पसूचीबध्दता मानदंड के आधार पर अभ्यर्थियों की और भी छंटनी की जा सकती है। यद्यपि यह मामले-दर-मामले भिन्न हो सकता है और गुणवत्ता (मेरिट) आधार पर निर्भर करेगा, परंतु सामान्यतः आईसीएमआर उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देता है जिनके पास संबंधित क्षेत्र में अधिक अनुभव हो अथवा जिनकी शैक्षणिक योग्यता उच्चतर हो, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाए।

3. विज्ञापन की अन्य सभी शर्तें एवं नियम वहीं रहेंगे।

4. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जाता है।

**-हस्त-**
**(रीमा शर्मा)**
**सहायक महानिदेशक (प्रशा.)**